The


# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

08 – 08 – 22

MONDAY



### 1. देश के 14वें उपराष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़



जगदीप धनखड़ को देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में चुन लिया गया है. वे 11 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, क्योंकि मौजूदा उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त 2022 को समाप्त होने जा रहा है. भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ की बड़े ही अच्छे वोटों से जीत हुई है. जगदीप धनखड़ ने 528 वोटों के साथ जीत दर्ज कराई है और इसके साथ ही विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट से संतुष्टि करनी पड़ी है.

जानकारी के लिए आपको बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 725 वोट डाले गए थे. जिनमें से 710 वोट वैध पाए गए और बाकी बचे 15 वोट इनवैलिड मिले थे. जगदीप धनखड़ अब देश के 14वें उपराष्ट्रपति हो गए हैं लेकिन अभी उनका शपथ लेना बाकी है क्योंकि मौजूदा उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त 2022 को समाप्त हो रहा है इसलिए वे 11 अगस्त को आधिकारिक रूप से शपथ ग्रहण करके देश के 14वें उपराष्ट्रपति बन जाएंगे.

जगदीप धनखड़ राजस्थान के झुझुनूं जिले के रहने वाले हैं और वे किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं. मौजूदा वक़्त में जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, लेकिन अब उन्होंने इस पद इस्तीफा दे दिया है.

### 2. भारतीय सेना ने उपग्रह संचार परीक्षण के लिए पांच-दिवसीय अभ्यास किया



भारतीय सेना ने पांच दिवसीय उपग्रह संचार अभ्यास में परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए अपनी सभी अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों का परीक्षण किया है। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि सेना ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान रिपोर्ट किए गए संचार, साइबर और विद्युत चुंबकीय प्रभावों पर भी एक अध्ययन पूरा किया है।सेना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से संबंधित कई उपग्रहों की सेवाओं का उपयोग कर रही है। अभ्यास के दौरान स्थिर टर्मिनल, परिवहन योग्य वाहन वाले टर्मिनल, मैन-पोर्टेबल और छोटे फॉर्म फैक्टर मैन-पैक टर्मिनल आदि का परीक्षण किया गया। सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना यूक्रेन में चल रहे युद्ध का बारीकी से अध्ययन कर रही है ताकि इससे संचार तकनीक से संबंधित सबक लिए जा सकें। इसमें सेना का पूरा ध्यान सैन्य संचार एवं इलेक्ट्रानिक युद्ध पर है। भारतीय सेना ने इस युद्ध से सीखा है कि शत्रु क्षेत्र में उपयुक्त बैकहॉल के साथ संचालित होने वाली सामरिक संचार प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**3. उत्तराखंड पर्यटन विभाग कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 'मोदी सर्किट' विकसित करेगा**



पांच अगस्त (भाषा) उत्तराखंड पर्यटन विभाग कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 'मोदी सर्किट' विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में एक टेलीविजन शो की शूटिंग के दौरान भ्रमण किए गए सभी स्थलों को शामिल किया जाएगा।

'डिस्कवरी' चैनल पर आने वाले बियर ग्रिल्स के प्रसिद्ध शो 'मैन वर्सेस वाइल्ड' की शूटिंग के दौरान मोदी ने कई प्रकार की साहसिक गतिविधियां की थीं। मोदी और ग्रिल्स ने जुगाड़ से एक राफ्ट बनाकर कोसी नदी को पार किया था और टाइगर ट्रेल से गुजरे थे और इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने हाथ में एक भाला पकड़ा हुआ था।

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड में साहसिक खेल शाखा के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल अशिवनी पुंडीर ने शुक्रवार को कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे समय के बहुत प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वह जिन जगहों पर जाते हैं, उन जगहों को लेकर लोगों में उत्साह पैदा हो जाता है।' '

उन्होंने इस संबंध में केदारनाथ क्षेत्र की उस गुफा का उदाहरण दिया जहां कुछ साल पहले प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया था। पुंडीर ने कहा, 'वह गुफा इतनी लोकप्रिय हो गयी है कि लोगों ने वहां जाने के कई माह पहले से बुकिंग करनी होती है।

**4. चीन ने ताइवान के आसपास अपना अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास किया शुरू**



चीन (China) ने गुरुवार को ताइवान (Taiwan) द्वीप को चारों तरफ घेरा बनाकर अपने सबसे बड़े सैन्य अभ्यास की शुरुआत की। चीन ने अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी (Nancy Pelosi) की ताइवान यात्रा खत्म होने के एक दिन बाद उठाया है। चीन पेलोसी की ताइवान यात्रा से काफी खफा है और ताजा कदम इसी का जवाबी कार्रवाई का एक हिस्सा है।

चीन ने अमेरिकी को नैंसी पेलोसी की यात्रा रोकने और ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाण भुगतने की धमकी दी थी। हालांकि नैंसी पेलोसी इन चीन धमकियों को नजरअंदाज कर ताइवान गईं और 24 घंटे से भी कम समय रहने के बाद बुधवार को वहां से रवाना हुईं। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, इसलिए वह किसी भी बड़ी विदेशी हस्ती के वहां जाने का विरोध करता है।

**5. मंत्रिमंडल ने जलवायु परिवर्तन पर अद्यतन राष्ट्रीय निर्धारित योगदान को बुधवार को मंजूरी दी**



तीन अगस्त (भाषा) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन को सूचना दिए जाने के लिए भारत के अद्यतन किये गए राष्ट्रीय निर्धारित योगदान (एनडीसी) को बुधवार को मंजूरी दे दी । इस मंजूरी ने पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी26) में घोषित प्रधानमंत्री के 'पंचामृत' को उन्नत जलवायु लक्ष्यों में परिवर्तित कर दिया है।

सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई ।

इसमें कहा गया है कि अद्यतन एनडीसी, पेरिस समझौते के तहत आपसी सहमति के अनुरूप जलवायु परिवर्तन के खतरे का मुकाबले करने के लिए वैश्विक कार्रवाई को मजबूत करने की दिशा में भारत के योगदान में वृद्धि करने का प्रयास करता है।

बयान के अनुसार, यह भारत के 2070 तक नेट-जीरो के दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है।

इसमें कहा गया है कि भारत अब अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार का कहना है कि इस तरह के प्रयास, भारत की उत्सर्जन-वृद्धि को कम करने के रास्ते पर आगे बढ़ने में भी मदद करेंगे। यह देश के हितों को संरक्षित करेगा और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के सिद्धांतों व प्रावधानों के आधार पर भविष्य की विकास आवश्यकताओं की रक्षा करेगा।

## 6. संस्कृति मंत्रालय ने शुरू किया बढ़े चलो आंदोलन




देश के युवाओं से जुड़ने और उनमें देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करने के उद्देश्य से, संस्कृति मंत्रालय ने अमृत महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए 'बढ़े चलो' नाम से युवाओं पर केन्द्रित प्रेरणात्मक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम को देश के युवाओं को आगे आने और हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 साल पूरे जोश के साथ मनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

आजादी का अमृत महोत्सव' प्रगतिशील भारत के 75 साल पूरे होने और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने तथा उसका उत्सव मनाने की सरकार की एक पहल है। संस्कृति मंत्रालय भारत में कला और सांस्कृतिक विरासत को

बढ़ावा देने का कार्य करता है और 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में इसने अनेक पहल की हैं। इस जन आंदोलन या 'जनभागीदारी' पहल के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय भी 'हर घर तिरंगा' आंदोलन को बढ़ावा देने और समर्थन करने का इरादा रखता है। इस आंदोलन की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई है तथा यह हर भारतीय का आह्वान करता है कि वे 13-15 अगस्त, 2022 के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं।

## 7. यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' किया संचालित



भारतीय रेलवे के माध्यम से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से आरपीएफ ने "ऑपरेशन यात्री सुरक्षा" कोड नाम के तहत एक अखिल भारतीय ऑपरेशन का शुभारंभ किया है। इस पहल के एक अंग के रूप में यात्रियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए ट्रेन एस्कॉर्टिंग, स्टेशनों पर उपस्थिति, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी, सक्रिय अपराधियों पर निगरानी, अपराधियों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करना और उस पर कार्रवाई, ब्लैक स्पॉट और अपराध की पहचान करने के साथ-साथ यात्रियों के खिलाफ अपराध को कम करने के लिए एक कार्रवाई योग्य रणनीति तैयार करने हेतु अपराध संभावित ट्रेनों/खंडों और अन्य स्थलों के साथ-साथ इनमें सुरक्षा बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी हितधारकों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है और नियमित रूप से यात्री सुरक्षा में सुधार के लिए संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई गई है।

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा को गति देने के लिए आरपीएफ द्वारा जुलाई 2022 में यात्रियों को निशाना बनाने वाले अपराधियों के खिलाफ एक महीने के अखिल भारतीय अभियान का शुभारंभ किया गया था। अभियान के दौरान 365 संदिग्धों को आरपीएफ कर्मियों द्वारा पकड़ा गया और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी को सौंप दिया गया, जिसके आधार पर यात्री अपराध यानी यात्री सामान की चोरी, ड्रगिंग, डकैती, चेन स्नैचिंग आदि के 322 मामलों की जानकारी मिली। अपराधियों के कब्जे से या इन अपराधों की जांच के दौरान यात्रियों की एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी की संपत्ति इनसे बरामद की गई।

आरपीएफ अपनी प्रतिक्रिया, प्रभावशीलता और पहुंच बढ़ाने और सेवा ही संकल्प के अपने उद्देश्य को साकार करने के लिए अपने कार्य क्षेत्र में इस अभियान के शुभारंभ के साथ प्रतिक्रिया में सुधार, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देकर भविष्य में भी भारतीय रेलवे, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा।

## 8. वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने बॉक्सिंग में भारत को दिलाया तीसरा गोल्ड



निकहत जरीन अपने ताकतवर मुक्कों से जीत की कहानी लिखती रहीं हैं। इस साल वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद अब कॉमनवेल्थ खेलों में गोल्ड मेडल जीतना 26 साल की इस युवा बॉक्सर के करियर का बड़ा माइल स्टोनमाना जाएगा। उनका प्रदर्शन इस बात की गवाही देता है कि देश को अगली मैरीकॉम मिल गई है। अब देश को पेरिस 2024 ओलिंपिक में उनसे गोल्ड की उम्मीद होगी। निकहत ने अपने ताबड़तोड़ मुक्कों से प्रतिद्वंद्वी कार्ली मैकनॉल को टिकने नहीं दिया और 50 किलोग्राम फाइनल का गोल्ड जीता।

निकहत जरीन ने इस साल मई में तुर्की के इस्तांबुल में हुई विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप की फ्लाईवेट (52 किलाग्राम) स्पर्धा में गोल्ड जीता था। मगर कॉमनवेल्थ गेम्स में 52 किलोग्राम की बजाय 50 किलोग्राम वर्ग होता है इसलिए उन्हें दो किलाग्राम वजन कम करना था। यह मानसिक रूप से भी उनके लिए एक चुनौती थी।

## ONE LINER

**निकहत जरीन को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी में कौन सा पदक जीते –** स्वर्ण पदक

**अमित पंघाल को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 51 किलोग्राम पुरुष मुक्केबाजी में कौन सा पदक जीता-** स्वर्ण पदक

**राष्ट्रमंडल खेल, 2022 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर कौन सा पदक जीता –** कांस्य पदक

**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस किस तिथि को मनाया जाता है-** 7 अगस्त

**भारत के 14वें उपराष्ट्रपति कौन बने-** जयदीप धनखड़

**किस राज्य ने सरकारी स्कूलों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को 'बजट' प्राइवेट स्कूलों में 'मुफ्त शिक्षा' देने के लिए चिराग योजना शुरू की गई है।-** हरियाणा ने

**किस आध्यात्मिक नेता को लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (LAHDC) द्वारा 'dPal rNgam Duston' पुरस्कार से सम्मानित किया गया-** दलाई लामा को

**'युद्ध अभ्यास' भारत और किस देश के बीच आयोजित एक सैन्य अभ्यास है-** अमेरिका

**आजादी के 75 वर्ष गांठ पर 75 ग्रामीण स्कूलों से 750 छात्राओं द्वारा विकसित उपग्रह का नाम क्या है-** आज़ादीसैट

**अगस्त 2022 मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर क्या है-** 5.4%

## QUIZ

**1. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अगस्त क्रांति किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1940 (b) 1942

(c) 1945 (d) 1947

2. भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों ने इतिहास बनाया जब उन्होंने पहली बार सभी महिला स्वायत्त समुद्री टोही और निगरानी मिशन पर डोर्नियर 228 को किस समुद्र/महासागर में उड़ाया गया?

(a) लक्षद्वीप सागर (b) हिंद महासागर

(c) उत्तरी अरब सागर (d) बंगाल की खाड़ी

3. भारत द्वारा प्रक्षेपित सबसे नन्हा उपग्रह का नाम क्या है?

(a) कलामो (b) आजादी सेट

(c) EOS-02 (d) PSLV

4. किस राज्य ने अपने प्रत्येक जिले में एक संस्कृत भाषी गांव विकसित करने का प्रस्ताव रखा?

(a) गोवा (b) हरियाणा

(c) उत्तराखंड (d) हिमाचल प्रदेश

5. मंगल ग्रह का पहला मल्टीस्पेक्ट्रल मानचित्र किस अंतरिक्ष एजेंसी ने बनाया था?

(a) ISRO (b) ESA

(c) CNSA (d) NASA

6.डोनी पोलो हवाई अड्डा किस राज्य में निर्माणाधीन है?

(a) सिक्किम (b) असम

(c) मिजोरम (d) अरुणाचल प्रदेश

7. जगदीप धनखड़ भारत के उपराष्ट्रपति बने, वह भारत के _____ उपराष्ट्रपति हैं?

(a) 10 (b) 12

(c) 14 (d)18

THE ACHIEVERS IAS ACADEMY